भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3724

उत्तर देने की तारीख 11 दिसंबर, 2019 (बुधवार)

20 अग्रहायण, 1941 (शक)

प्रश्न

तेजपुर में परियोजना

3724. श्री पल्लब लोचन दास:

क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेजपुर संसदीय क्षेत्र में गत 10 वर्षों में अनुमोदित योजनाओं की स्थिति क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान आज की तिथि तक अनुमोदित निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) अनुमोदित योजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और आरंभ की गई नई योजनाएं का यदि कोई हो, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) तेजपुर संसदीय क्षेत्र में पुरानी/नई परियोजनाओं की स्थिति क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) तेजपुर चुनाव क्षेत्र में विगत 10 वर्षों में अव्यपगत केंद्रीय संसाधन पूल (एनएलसीपीआर) स्कीम के तहत 3935.69 लाख रूपये की लागत की चार (04) परियोजनाएं और पूर्वोत्तर परिषद की स्कीमों के तहत 3561.66 लाख रूपये की लागत की छह (06) परियोजनाएं संस्वीकृत की गई थीं ।

(ख) विगत तीन वर्षों 2016-17 से 2018-19 के दौरान निर्मुक्त निधियों की स्थिति निम्नानुसार है:-

वर्ष	**निर्मुक्त निधियां (रुपये लाख में)**
2016-17	718.99
2017-18	777.75
2018-19	271.14
कुल	**1767.88**

(ग) और (घ) एनएलसीपीआर स्कीम के तहत तीन (03) परियोजनाएं और एनईसी स्कीम के तहत दो (02) परियोजनाएं भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी हैं ।

*****